न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जमवारामगढ़ बइजलास श्री चिमन लाल मीना R.A.S

मिसल नं.	तारीख दायर	तारीख फैसला
16 / 2023	24 / 03 / 2023	20 / 04 / 2023

– उनवान –

राजेन्द्रसिंह डागी पुत्र श्री शिशुपालसिंह डांगी जाति जाट निवासी ग्राम 1 / 61, रोशन मार्ग, चित्रकुट वैशाली नगर, जयपुर, जिला जयपुर।

प्रार्थी

बनाम

राजकुमार चावला पुत्र श्री महादेव प्रसाद चावला जाति खटीक, निवासी शिव कुण्डा, तहसील आमेर, जिला जयपुर।

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तहसील आंधी, जिला जयपुर।

अप्रार्थीगण

उपस्थित अभिभाषक

श्री पुष्पेन्द्र शर्मा – वकील प्रार्थी।

श्री राजेश कुमार पारीक – वकील अप्रार्थी सं. 1

प्रार्थनापत्र बाबत् पत्थरगढ़ी अन्तर्गत धारा 128 लैण्ड रेवन्यू एक्ट

–: निर्णय :–

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता श्री पुष्पेन्द्र शर्मा ने यह प्रार्थना पत्र विरूद्ध अप्रार्थीगण इस कथन के साथ पेश किया कि ग्राम घोरेट उर्फ हररामपुरा पटवार क्षेत्र रायपुर तहसील आंधी जिला जयपुर में आराजी खसरा नम्बर 4 रकबा 1.2600 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 5 रकबा 1.2600 हैक्टेयर, कुल किता दो कुल रकबा 2.5200 हैक्टेयर सम्पूर्ण स्थित है। जो राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी की खातेदारी में दर्ज रिकार्ड चली आ रही है। प्रार्थी की उक्त वर्णित आराजीयात के लगवा अप्रार्थी सं0 1 की खातेदारी भूमि स्थित है तथा प्रार्थी व अप्रार्थीगण संख्या 1 की खातेदारी भूमि के बीच में मुकमिल सीमा के पुख्ता निशानात नही है। जिससे हमेशा सीमा बाबत विवाद रहता है। प्रार्थी द्वारा दिनांक 18. .2023 को अपनी भूमि का सीमाज्ञान करवाया था, जिसमें सीमाज्ञान हेतु गठित राजस्व टीम द्वारा बवक्त सीमाज्ञान बताये गये सीमाचिन्हो को मानने से अप्रार्थी सं0 1 ने कतई मना कर दिया, जिससे वनाय प्रार्थना पत्र वाद कारण पैदा होकर उसके बाद निरन्तर जारी है। अत: प्रार्थना पत्र की कॉलम संख्या 1 में वर्णित आराजियात के चारो तरफ (चारो दिशाओं) की मुकमील पत्थरगढी पुलिस इमदाद से कराये जाने के आदेश फरमाया जावे।

प्रार्थना पत्र प्रार्थी दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगणो की तलबी करवाई गई। अप्रार्थी संख्या 1 जरिए अधिवक्ता उपस्थित आये तथा पत्थरगढी हेतु सहमति जाहिर की। अप्रार्थी सं0 2 ने अपने पत्र क्रमांक / रीडक / 2023 / 519 दिनांक 27.03.2023 द्वारा मौका रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसे शामिल मिसल किया गया। तहसीलदार आंधी ने उक्त मौका रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम घोरेट उर्फ हररामपुरा के खसरा नम्बर 4 रकबा 1.2600 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 5 रकबा 1.2600 हैक्टेयर, कुल किता दो कुल रकबा 2.5200 हैक्टेयर राजेन्द्रसिह डांगी पुत्र श्री शिशुपालसिंह डांगी जाति जाट निवासी ग्राम 1 / 61, रोशन मार्ग, चित्रकुट वैशाली नगर, जयपुर, जिला जयपुर के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। आराजी भूमि का सीमाज्ञान किया जा चुका है, आराजी भूमि मौके पर खाली हैं, उक्त खसरा नम्बर के पडोसी खसरा नम्बरान की भूमि भी वर्तमान मे मौके पर खाली है। पत्थरगडी आदेश किया जाना उचित बताया हैं।

उभय वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई। बहस सुनने व तहसीलदार आंधी की रिपोर्ट एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी अन्तर्गत धारा 128 स्वीकार किया जाकर तहसीलदार, आंधी को आदेशित किया जाता है कि खसरा नम्बर 4 रकबा 1.2600 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 5 रकबा 1.2600 हैक्टेयर, कुल किता दो कुल रकबा 2.5200 हैक्टेयर ग्राम घोरेट उर्फ हररामपुरा पटवार मण्डल रायपुर, तहसील आंधी जिला जयपुर मे यदि मौके पर फसल न हो एवं कोई स्थगन आदेश न हो तो प्रार्थी एवं अप्रार्थीगणों की मौजूदगी में उक्त वर्णित आराजियात के चारों तरफ (चारो दिशाओं) की पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट भिजवावे।

निर्णय मेरे द्वारा टकित करवाया जाकर आज दिनांक 20.04.2023 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

20/4/23

(चिमनलाल मीना)

उपखण्ड अधिकारी

उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ़